खास-खबरें

शरद पूर्णिमा की धवल चांदनी में गूंजे बुंदेली भजन

गंजबासौदा। शरद पूर्णिमा की रात जब आसमान में पूर्ण चंद्रमा अपनी धवल चांदनी बिखेर रहा था, तब शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से रोशन हो उठे। कहीं बुंदेलखंड की लोक संस्कृति से जुड़े भजनों की मधुर स्वर लहरियां गूंज रही थीं, तो कहीं रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मंडप में ठाकुर जी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। शरद पूर्णिमा के अवसर पर वार्ड नंबर 13 चक्क हनुमान मंदिर और स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, ठाकुर जी की आरती और खीर प्रसादी वितरण के बीच श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा की रात को भक्ति भाव के साथ मनाया। दोनों मंदिरों में करीब चार क्विंटल खीर प्रसादी का वितरण किया गया। वहीं समीपस्थ ग्राम डायला में धूमधाम से शरदोत्सव मनाया गया। करीब एक घंटे भगवान राजाराम का राज्याभिषेक एवं विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया। भगवान राम के राजा के रूप में सिंहासन पर विराजमान एवं राजतिलक होने के पश्चात रात्रि 12 बजे चंद्रमा पूजन, अमृत आवाहन एवं महाआरती संपन्न हुई और महाआरती के उपरांत खीर प्रसादी का वितरण किया गया।

बरवाई में नेत्र शिविर

गंजबासौदा। ग्राम बरवाई के पंचायत भवन में स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन किया गया 116 से अधिक मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्रों से बचाव के तरीका बतलाएं और समय-समय पर सावधानियां बरतने की सलाह दी गई इस अवसर पर 27 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए वहीं 11लोगों को निशुल्क चश्मा प्रदान किए गए ।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना-14 प्रकरण स्वीकृत, 24 लाख रु. की राशि मंजूर

विदिशा (निप्र)। राज्य सरकार द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 14 विवाह प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा इन प्रकरणों में नियमानुसार प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत प्रकरणों में दिव्यांग एवं सामान्य दंपतियों के साथ दोनों पति-पत्नी के दिव्यांग होने वाले प्रकरण भी शामिल हैं। योजना के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्ति का विवाह सामान्य व्यक्ति से होने पर पात्रतानुसार 2 लाख रु. तथा पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है। इस प्रकार 14 स्वीकृत प्रकरणों में कुल 24 लाख रु. की राशि स्वीकृत की गई है।

दीपावली पर्व के लिए आतिशबाजी के अस्थायी लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन 2 नवंबर तक

विदिशा (निप्र)। दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी एवं पटाखों के अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदकों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। आवेदक एम.पी. ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से 2 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अस्थायी लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को ऑनलाइन किए गए आवेदन की प्रति के साथ निर्धारित आवश्यक दस्तावेज अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, विदिशा में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदक द्वारा आवेदन करने के दूसरे दिवस कार्यालय में दस्तावेज जमा कराए जाने होंगे। आवेदन के साथ आवेदक को आयु सत्यापन के लिए स्कूली प्रमाण-पत्र अथवा अन्य वैध दस्तावेज, पिछले वर्ष अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, विदिशा से जारी अस्थायी लाइसेंस की प्रति, लाइसेंस शुल्क जमा करने की रसीद की प्रति तथा आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद निर्धारित समयावधि में आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं कराने पर आवेदक का अस्थायी लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। साथ ही, 2 नवंबर की निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन को मान्य नहीं किया जाएगा।

टैक्टर और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

शाजापुर। टैक्टर और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को मक्सी बायपास पर टैउ्क्टर और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के बाद टैउ्क्टर पलट गया और दिलीप पाटीदार पिता लक्ष्मीनारायण पाटीदार निवासी सिरोलिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल शाजापुर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टक कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

कार ने बाइक को टक्कर मारी, घसीटने से कार में लगी आग

सीहोर। श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहोर रोड पर खजुरिया और पारवा गांव के बीच देर रात एक सडक़ हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बाइक को काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे घर्षण के कारण कार में अचानक आग लग गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद जलती हुई कार और बाइक के बीच में घायल फंसे रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही श्यामपुर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस और दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जलती गाडियों के बीच से घायलों को बाहर निकाला और आग पर पानी डालकर काबू पाया। हादसे में घायल युवकों की पहचान विमल मालवीय और रफीक खान के रूप में हुई है। दोनों को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से श्यामपुर के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने भोपाल रेफर कर दिया।

न्यायालय रोक के आदेश के बाद भी सरकारी जमीन पर निर्माण

दुर्गा चौक पर 3 फीट तक कब्जे का मामला, पुराना सरकारी शौचालय तोड़ने की भी जांच

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा : तहसील परिसर से लगी सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला सामने आया है। यहां पुरानी दुकान को तोड़कर नई दुकानें बनाई जा रही हैं। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट में दुकान के पीछे करीब 3 फीट सरकारी जमीन पर निर्माण किए जाने की बात सामने आई है।

इसी जगह पर वर्षों पुराना सरकारी शौचालय भी तोड़ दिया गया है। मामले में तहसीलदार न्यायालय ने 21 अक्टूबर को निर्माण रोकने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने की जानकारी सामने आई है। इससे सरकारी जमीन की सुरक्षा और प्रशासनिक आदेश के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

18 अक्टूबर को अधिकारियों ने किया था निरीक्षण : मामले की जानकारी मिलने पर 18 अक्टूबर 2026 को नायब तहसीलदार आरती सोलंकी और पटवारी राजेश धनवारे मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को सरकारी जमीन पर निर्माण नहीं करने की हिदायत दी थी। इसके बाद पटवारी ने मौके की जांच कर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के अनुसार, पुराना सरकारी शौचालय तोड़ने के बाद वहां गड्ढे खोदे गए। इसके बाद सीमेंट-कंक्रीट के कॉलम बनाए गए और ईंटों की दीवार खड़ी की गई। निर्माण का आकार करीब 24 फीट लंबा और 3 फीट चौड़ा बताया गया है।

राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी भूमि दर्ज : पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार न्यायालय ने 21 अक्टूबर 2026 को निर्माण रोकने का आदेश जारी किया। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, भैरुंदा के सर्वे नंबर 192/3/2 और 193 की जमीन सरकारी दर्ज है। इन दोनों जमीनों का कुल रकबा 2.660 हेक्टेयर बताया गया है। आदेश में गफ्फार खां निवासी सर्वहरा कॉलोनी को अगले आदेश तक निर्माण बंद रखने और जमीन से जुड़े दस्तावेज तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नियमों के तहत कार्रवाई की जाएंगी।

पुलिस की मदद से निर्माण रोकने के निर्देश : तहसीलदार सौरभ शर्मा ने आदेश का पालन कराने के लिए भैरुंदा थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक और पटवारी को निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद से निर्माण कार्य रुकवाने को भी कहा गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तहसीलदार न्यायालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना होगा कि आदेश के बाद भी निर्माण जारी रहने की जानकारी पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

इनका कहना है

तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मीडिया और पटवारी के माध्यम से मिली है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सौरभ शर्मा,
तहसीलदार

फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने पहुंचाया बदमाशों को सलाखों पीछे

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम के पास स्लीपर बस से यात्रियों को जबरन नीचे उतारकर उनके साथ मारपीट और लूटपाट करने वाले इंदौर के दो शातिर बदमाशों को सीहोर न्यायालय ने 7-7 साल के सश्रम कारावास की कड़ी सजा सुनाई है। इस पूरे अंधे अंधेरे में हुए सनसनीखेज मामले का खुलासा करने में फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने निर्णायक भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत पुलिस अपराधियों तक पहुंच सकी।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं अपर लोक अभियोजक शाहना रईस ने बताया कि फरियादी अर्जुन मालवीय अपने साथियों रिहान मंसूरी, अयान मंसूरी, रियाज मंसूरी, कुलदीप मालवीय और सुमित मालवीय के साथ हैदराबाद से भोपाल पहुंचा था। वहां से वे सभी खातीजोड़ आष्टा जाने के लिए नादरा बस स्टैंड से इंदौर जाने वाली स्लीपर बस में सवार हुए थे। 3 दिसंबर 2025 की देर रात करीब 12.30 बजे जब बस इंदौर-भोपाल हाईवे पर कुबेरेश्वर धाम के पास रुकी, तभी दो अज्ञात युवक बस में चढ़े। उन्होंने यात्रियों के नाम पुकारकर अर्जुन और सुमित को कॉलर पकडक़र जबरन बस से नीचे उतार लिया।

निर्माणाधीन इमारत में ले जाकर की बर्बरता और लूट

बदमाश दोनों पीड़ितों को काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर बैठाकर पास ही स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन सुनसान इमारत में ले गए। वहां आरोपियों ने प्लास्टिक के पाइप, घूंसे और थप्पड़ों से दोनों की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान बदमाशों ने अर्जुन के पास रखे 30 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें घायल अवस्था में छोडक़र फरार हो गए। मारपीट में दोनों युवकों के हाथ-पैर व कंधे में गंभीर चोटें आई थीं।

फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

घटना के बाद पीड़ितों ने मंडी थाना पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे और उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। ऐसे में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच का सहारा लिया और फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए।

टोल प्लाजा के कैमरों में कैद संदिग्धों की गतिविधियों और वाहनों के मूवमेंट ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचाने में सबसे बड़ा सुराग दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों को दबोचा और पीड़ितों से उनकी पहचान कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल खान के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक, लूटा गया मोबाइल, 3 हजार रुपये नकद, डंडा और घटना के समय पहनी जैकेट जब्त की। दूसरे आरोपी मोहम्मद मोहसिन के कब्जे से 4 हजार 200 रुपये नकद, जैकेट व मफलर बरामद किए। सीहोर के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत मजबूत साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और फंदा टोल प्लाजा के डिजिटल सबूतों को आधार मानते हुए इंदौर निवासी दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आदिल खान निवासी अंसारी बाग आजाद नगर इंदौर और मोहम्मद मोहसिन पठान निवासी मोमिनपुरा खजराना रोड इंदौर को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक पर कुल 8 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अवैध रूप से गोवंश ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, वाहन भी जब्त

शाजापुर। अवैध रूप से लोडिंग वाहन में क्रूरता पूर्वक ढंग से गोवंश ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मक्सी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुजुकी कंपनी की एक सुपर कैरी लोडिंग गाड़ी में अवैध रूप से गोवंश ले जाए जा रहे हैं। इस पर घेराबंदी कर पुलिस ने वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 4 नग गोवंश को अत्यंत क्रूरतापूर्वक, ठूंस-ठूंस कर अवैध रूप से परिवहन कर इंदौर की ओर ले जाया जाना पाया गया। पुलिस द्वारा वाहन और गोवंश सहित कुल आठ लाख रुपये का मश्रुका जप्त किया गया।

जिले में रिएक्टिव पावर कंपनसेशन क्षमता सुदृढ़

विदिशा (निप्र)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा विदिशा जिले की विद्युत पारेषण व्यवस्था में रिएक्टिव पावर कंपनसेशन के लिए 120 एमवीएआर क्षमता के 10 कैपेसिटर बैंक संचालित-स्थापित किए जा रहे हैं।

जिले के 7 एक्स्ट्रा हाईटेंशन (ईएचवी) सबस्टेशनों में उपलब्ध इन कैपेसिटर बैंकों से वोल्टेज प्रोफाइल बेहतर बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिल रही है। जिले में 220 केवी के दो सबस्टेशन गंजबासौदा एवं विदिशा तथा 132 केवी के पांच सबस्टेशन सहरवासा, लटेरी, शमशाबाद, ग्यारसपुर और सिरोंज सम्मिलित हैं। इन 7 ईएचवी सबस्टेशनों में कुल 120 एमवीएआर क्षमता के 10 कैपेसिटर बैंक संचालित हैं। इनके माध्यम से विद्युत प्रणाली को आवश्यक रिएक्टिव पावर सपोर्ट मिलता है, जिससे वोल्टेज स्थिरता बनाए रखने में सहायता मिलती है।

एमपी ट्रांसको द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 29 नए कैपेसिटर बैंक स्थापित कर ऊर्जीकृत किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कुल 750 कैपेसिटर बैंक क्रियाशील हैं, जिनकी संयुक्त स्थापित क्षमता 9383.5 एमवीएआर है। यह क्षमता प्रदेश की अब तक की अधिकतम रिएक्टिव पावर मांग 6776 एमवीएआर से लगभग 38 प्रतिशत अधिक है।प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए एमपी ट्रांसको अपने ईएचवी सबस्टेशनों में आवश्यकता के अनुसार कैपेसिटर बैंक स्थापित कर रही है।

नए कैपेसिटर बैंक स्थापित किए जा रहे हैं और मौजूदा बैंकों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता टेस्टिंग एम.वाई. मंसूरी ने बताया कि कंपनी ने ऐसे 52 पुराने कैपेसिटर बैंकों को चिह्नित किया था, जिनकी उपयोगी आयु पूरी हो चुकी थी और जो अपेक्षित कैपेसिटिव सपोर्ट नहीं दे पा रहे थे।

स्वच्छता का संदेश लेकर सड़क पर उतरे डॉक्टर

शाजापुर। स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ परिवेश पहली शर्त है। इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को शाजापुर में एक शानदार पहल देखने को मिली। स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला अस्पताल प्रबंधन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए शहर में एक प्रभावी स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया, जिसने आमजन का ध्यान अपनी ओर खींचा और लोगों को सफाई के प्रति सोचने पर मजबूर कर दिया। जागरूकता रैली सिविल सर्जन डॉ. बी. एस. मैना की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में जिला अस्पताल परिसर से शुरू होकर शहर के मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। इस रैली को सफल बनाने में आरएमओ डॉ. दीपक पाटीदार, विशेषज्ञ अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ और समस्त आउटसोर्स स्टाफ उपस्थित रहा और अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। हाथों में स्वच्छता के प्रेरक स्लोगन लिखी तख्तियां थामे अस्पताल कर्मियों ने नारे लगाकर लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किरण पड़ोले सहित अन्य नर्सिंग व आउटसोर्स स्टाफ ने बस स्टैंड परिसर में मौजूद यात्रियों और आम नागरिकों से सीधा संवाद किया और उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मनोज पंचोली ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

हड़ताली कोटवारों ने उतारे कपड़े, वेतनवृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे कोटवारों ने सोमवार को अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों जन प्रतिनिधियों के बेरुखी भरे व्यवहार को लेकर भी कोटवारों में आक्रोश बना रहा। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर 22 अक्टूबर से हड़ताल पर बैठे कोटवारो से मिलने अब तक कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के पास कोटवार काम बंद हड़ताल कर धरने पर बैठे हैं।

मध्य प्रदेश आजाद कर्मचारी कोटवार संघ के सीहोर जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने कहा कि मध्य प्रदेश की वर्तमान सरकार धोखेबाजी कर रही है पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों की सभी मांगे पूरी करने का वादा किया था जिसमें से उन्होंने हमें पुलिस जैसी वर्दी देकर सम्मानित किया था। मामूली सा वेतन भी बढ़ाया था लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। वर्दी का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है और उपलब्ध कराई गई वर्दी पहनने लायक नहीं है वर्तमान सरकार हमें उक्त खराब वर्दी पहना कर जोकर बनना चाहती है। लंबे समय से कोटवार सेवाभूमि का मालिक बनाने, सरकारी कर्मचारी घोषित करने और वर्दी की राशि बैंक खाते में ही देने की मांग सरकार से कर रहे हैं। सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए हमें अर्धनग्न होना पड़ रहा है।कोटवारों की हड़ताल का व्यापक असर देखा जा रहा है किसानों के सीमांकन बटवारा कब्जा दिलाने जैसी कार्यवाहियों के साथ कोटवारों के माध्यम से किसानों को भेजे जाने वाली सूचनाओं का आदान-प्रदान भी बंद हो गया है। राजस्व विभाग के अनेक काम ग्राम कोटवार के बिना नहीं हो पा रहे हैं। शासन प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा भी कोटवारों से अनेक प्रकार के कार्य लिए जाते हैं कोटवारों की हड़ताल पर होने से सभी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कोटवारों के द्वारा की जा रही हड़ताल के तहत सीहोर जिले के 1000 से अधिक कोटवार भी 28 अक्टूबर तक हड़ताल पर बैठ रहेंगे और कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देंगे इसके बाद भोपाल पहुंचकर भी प्रदर्शन किया जाएगा।

राय परिवार ने निभाया जेन-जी बालिकाओं से किया वादा, वॉटर पार्क में जमकर हुआ फन

सीहोर। अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच द्वारा आयोजित ऐतिहासिक क्रिसेंट गरबा महोत्सव का खुमार अभी उतरा भी नहीं था कि सीहोर की जेन-जी बालिकाओं को राय परिवार की ओर से एक और शानदार तोहफा मिल गया। गरबा महोत्सव के समापन पर राय परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय द्वारा किया गया वादा अब हकीकत में बदल गया है। किए गए प्रामिस के मुताबिक राय परिवार ने प्रतिभागी बालिकाओं के लिए क्रिसेंट वॉटर पार्क में एक दिन का विशेष फ्री फन-डे आयोजित किया, जहां बालिकाओं ने वॉटर राइड्स, म्यूजिक और डांस के साथ जमकर मस्ती की। 5 हजार से अधिक बालिकाओं के सामूहिक गरबे से जब पूरा सीहोर गूंज उठा था, तब मंच से पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने सभी प्रतिभागियों के लिए वॉटर पार्क में एक दिन की फ्री एंट्री का ऐलान किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिए समाजसेविका अरुणा सुदेश राय गरबा महोत्सव में भाग लेने वाली सैकड़ों बालिकाओं को साथ लेकर क्रिसेंट वॉटर पार्क पहुंचीं। पूरे दिन वॉटर पार्क में बालिकाओं के ठहाके, वॉटर स्पलैश, फन राइड्स और गानों पर डांस की धूम रही। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो प्रॉमिस अपनी बेटियों से किया था, उसे पूरा कर आज हमें अपार खुशी हो रही है।

श्रीगुरु टेकचंद महाराज का 215वां समाधि उत्सव, निकाली शोभायात्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर : श्रीगुरु टेकचंद जी महाराज के 215वें समाधि उत्सव पर जूना गुजराती दर्जी समाज शाजापुर के तत्वावधान में नगर में शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर गुरुभक्ति का परिचय दिया।

शोभायात्रा स्थानीय वजीरपुरा स्थित दर्जी समाज धर्मशाला से ढोल-नगाड़ों की गूंज और गुरु महाराज के जयकारों के साथ पूरे हर्षोल्लास से शुरू हुई। यह यात्रा नगर के सोमवारिया, नाग नागिनी रोड, नई सड़क, बड़ा चौक और छोटा चौक होते हुए गुजरी। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान शहर में हिंदू उत्सव समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों ने जगह-जगह मंच लगाकर शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया और पुष्पवर्षा की।

महाआरती व प्रसादी से हुआ समापन: नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करने के पश्चात शोभायात्रा पुनः वजीरपुरा स्थित दर्जी धर्मशाला पहुंची, जहां इसका विधिवत समापन किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी समाजजनों ने सामूहिक रूप से श्री गुरु महाराज की महाआरती की। आरती के उपरांत विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

लोडिंग वाहन एवं क्रेन की मदद से पाइप चोरी करने वाले गिरफ्तार

शाजापुर। नर्मदा नल-जल योजना के पाइप को चोरी कर लोडिंग वाहन में भरकर ले जा रहे बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से मश्रुका बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार थाना अवंतिपुर बड़ोदिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिंद्रा लोडिंग वाहन एवं क्रेन के माध्यम से पोलायकलां क्षेत्र में नर्मदा नल-जल योजना के पाइप चोरी कर ले जाए जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा महिंद्रा लोडिंग वाहनएवं क्रेन फराना कंपनी के साथ पाइप चोरी कर ले जा रहे आरोपी नरबतसिंह पिता भारतसिंह परमार, उम्र 44 वर्ष, निवासी भोजपुरा, इरान साईं पिता हसमुद्दीन उम्र 22 वर्ष, निवासी माधोपुर बेरिया, थाना गोनाहा, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ करने पर अन्य आरोपी इशराद उर्फ सोनू, पिता शहजाद अहमद, उम्र 43 वर्ष, निवासी गुलमोहर कॉलोनी, धार, मोहम्मद अलीम पिता मोहम्मद जाकिर, उम्र 22 वर्ष, निवासी न्यू आनंद नगर, अधारताल, जबलपुर एवं मोहम्मद अर्शो पिता मोहम्मद शमीम, उम्र 22 वर्ष, निवासी अधारताल कटरा, जबलपुर के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई।

वाल्मीकि जयंती चल समारोह का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर : महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर निकाले गए चल समारोह का कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर चल समारोह के अध्यक्ष उमेश पारोचे एवं उनकी पूरी टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव, एकता और महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों के प्रति सम्मान का भाव देखने को मिला।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन और उनके विचार समाज को सदैव सत्य, धर्म, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर भारतीय संस्कृति और समाज को अमूल्य धरोहर प्रदान की है।

महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समरस एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जयंती केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सम्मान और एकता को मजबूत करने का अवसर है।

नगर पालिका सदैव ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों का सम्मान करती है और सभी समाजों के साथ मिलकर शहर के विकास एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद राजेश माझी, विजेंद्र परमार, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, संतोष शाक्य, प्रदीप गौतम,मांगू दादा, कमलेश कुशवाह, राहुल राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने चल समारोह का स्वागत कर महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।